## महत्वपूर्ण एवं खास

### नहाने गई तीन बहने अरपा नदी में डूबी, मौत

**बिलासपुर (आरएनएस)।** जिले के कोनी थाना क्षेत्र में सोमवार को अरपा नदी में डूबने से एक ही परिवार के तीन किशोरियों की मौत हो गई। तीन किशोरियां नदी में नहाने गई थी। सेंदरी इलाके में 3 बहन नदी में नहाने गई थीं। मिली जानकारी के अनुसार कोनी थानाक्षेत्र के सेंदरी इलाके से पांच किशोरियों नहाने के लिए अरपा नदी गई थी। नहाने के दौरान पाचों किशोरियां पानी के तेज बहाव में बह गई,जिनमें से दो लड़कियां किसी तरह बचकर बाहर निकल गई किंतु तीन लड़कियां पूजा पटेल ,धनेश्वरी पटेल और रितु पटेल जो कि सगी बहने थी गहरे पानी में चली गई और उनका पता नही चला। जिसके बाद सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस और एसडीआरएफ की टीम ने लड़कियों की खोजबीन शुरू की। काफी खोजबीन के बाद तीनों बहनों का शव बरामद कर लिया गया। इधर इस हादसें के बाद मृतकों के परिजनों तथा ग्रामीणों ने चक्काजाम कर दिया। ग्रामीणों ने इस हादसे के पीछे लगातार हो रहे रेत उत्खनन को जिम्मेदार बताया तथा कहा कि लगातार रेत उत्खनन से नदी के किनारे गहरे होते जा रहे है जिससे यहां लगातार हादसे होते रहते है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### संपर्क क्रांति एक्सप्रेस में हुई पत्थरबाजी से टूटा खिड़की का कांच

**रायपुर (आरएनएस)।** रायपुर दुर्ग रेलवे स्टेशन के बीच रामनगर रेलवे क्रासिंग मोड़ पर लम्बे समय से लम्बी दूरी की एक्सप्रेस सुपरफास्ट ट्रेनों में हो रही पत्थरबाजी के चलते आए दिन यात्रियों के चोटिल होने की घटनाओं में लगातार इजाफा हो रहा है। मिली जानकारी के अनुसार दुर्ग से जम्मूतवी जाने वाली संपर्क क्रांति सुपरफास्ट एक्सप्रेस में आज रामनगर रेलवे क्रासिंग पर एसी बी-1 में बैठे यात्री फेंके गए पत्थर से कांच टूटने की वजह से आंख में पत्थर पडऩे के कारण चोटिल हो गए। ज्ञातव्य है कि संबंधित थाना क्षेत्र के स्टॉफ को इस संबंध में जानकारी कई बार यात्रियों द्वारा दी गई है। इसके बाद भी पत्थरबाजी थमने का नाम नहीं ले रही है।

### महिला से दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा गया रिमांड पर, आरोपी गया जेल

**रायगढ़।** महिला को शादी का प्रलोभन देकर पिछले 06 माह से शारीरिक शोषण करने वाले आरोपी को चौकी प्रभारी जोबी उप निरीक्षक थानूराम नायक द्वारा महिला के आवेदन पर दुष्कर्म के अपराध में गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया, जहां कोर्ट में आरोपी का जेल वारंट जारी किये जाने से जोबी पुलिस द्वारा आरोपी को जेल दाखिल किया गया है। पीड़ित महिला के आवेदन पर 15 जुलाई को थाना खरसिया में आरोपी सोहन डनसेना के विरूद्ध दुष्कर्म (धारा 376 आईपीसी) के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। महिला ने बताया कि अक्टूबर 2022 अपने रिस्तेदर के घर ग्राम कुनकुनी गयी थी, जहां सोहन डनसेना से पहचान हुई उसके बाद दोनों मोबाईल से बातचीत करने लगे। सोहन पसंद करने और शादी करूंगा बोला। बीते 25 जनवरी को सोहन कॉल कर गहने और कपडा दिलाउंगा कहकर खरसिया बुलाया। तब स्कुटी से खरसिया गई, जहां शादी का प्रलोभन देकर शारीरिक संबंध बनाया। उसके बाद कई बार सोहन डनसेना द्वारा शारीरिक शोषण किया और अब शादी से इंकर कर दिया है। महिला के आवेदन पर आरोपी सोहन डनसेना (26 साल) पर बलातसंग का अपराध दर्ज किया गया, आरोपी को अपराध पंजीबद्ध होने की भनक लगी तो भागने की फिराक में अपने रिस्तेदार के यहां शरण लेने जा पहुंचा। तत्काल खरसिया पुलिस की टीम द्वारा चौकी प्रभारी जोबी के नेतृत्व में आरोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश कर जेल दाखिल किया गया है।

# उच्च शिक्षा मंत्री उमेश पटेल ने जिला स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलंपिक का किया शुभारंभ, स्वामी आत्मानंद स्कूल तेतला में हुआ जिला स्तरीय कार्यक्रम

- छत्तीसगढ़िया ओलंपिक से पारंपरिक खेलों को मिली नई पहचान-उच्च शिक्षा मंत्री उमेश पटेल
- पहले चरण में राजीव युवा मितान क्लब स्तर से हो रही शुरुआत
- दलीय एवं एकल श्रेणी में 16 तरह के पारम्परिक खेल शामिल
- बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक तीन आयु वर्ग में होंगे प्रतिभागी, 6 चरण में होगी प्रतियोगिता, विजेता होंगे पुरूस्कृत



**रायगढ़।** प्रदेश में आज से 2 माह तक चलने वाले छत्तीसगढिय़ा ओलंपिक का आगाज हुआ। उच्च शिक्षा मंत्री उमेश पटेल ने आज स्वामी आत्मानंद स्कूल, तेतला में आयोजित कार्यक्रम में रायगढ़ जिला स्तरीय छत्तीसगढिय़ा ओलंपिक प्रतियोगिता का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उच्च शिक्षा मंत्री उमेश पटेल ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में राज्य शासन ने छत्तीसगढ़ी संस्कृति, खान-पान, तीज-त्यौहार को सहेजने और संवारने का काम कर रही है। आज प्रदेश में ही नही बल्कि देश-विदेश में लोग छत्तीसगढिय़ा संस्कृति को जानने लगे हैं। विदेशों से भी अब लोगों की बोरे-बासी खाते हुए तस्वीरें दिखाई देती है। हरेली छत्तीसगढ़ का पहला त्यौहार है, इस पर शासकीय अवकाश घोषित किया गया है और आज ही के दिन से छत्तीसगढ़ के पारंपरिक खेलों के प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता का शुभारंभ हो रहा है। यह हमारी नई पीढ़ी को हमारे पुरखों की विरासत से परिचित कराने का प्रयास है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढिय़ा ओलंपिक से हमारे पारंपरिक खेलों को नयी पहचान मिली है। उन्होंने बताया कि गत वर्ष इस प्रतियोगिता में बच्चे, महिलाएं, बड़े बुजुर्ग सभी वर्ग ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। करीब 27 लाख लोगों ने प्रतियोगिता में भाग लिया। जो कि प्रदेश की जनसंख्या का लगभग 10 प्रतिशत हो जाता है। यह एक ऐतिहासिक बात है। उन्होंने सभी खिलाडिय़ों को बेहतर प्रदर्शन की शुभकामनाएं दीं।

विधायक रायगढ़ प्रकाश नायक ने इस मौके पर सभी को हरेली तिहार की बधाई देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की पहल से छत्तीसगढ़ के त्योहारों और खेल प्रतिस्पर्धाओं का व्यापक स्तर पर आयोजन हो रहा है। बड़े पैमाने पर लोग इन प्रतिस्पर्धाओं में भाग ले रहे हैं। जिला पंचायत अध्यक्ष निराकार पटेल ने हरेली तिहार के साथ छत्तीसगढिय़ा ओलंपिक के शुभारंभ की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार हमारे सांस्कृतिक विरासत को आगे बढ़ाने का कार्य कर रही है। कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने सभी को हरेली तिहार की बधाई दी। उन्होंने कहा कि पूरे जिले में छत्तीसगढिय़ा ओलंपिक का आयोजन विभिन्न चरणों और स्तरों में किया जा रहा है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को अपनी शुभकामनाएं दीं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार ने भी इस मौके पर खिलाडिय़ों को बेहतर प्रदर्शन के लिए अपनी शुभकामनाएं दीं।

इस मौके पर दिलीप पांडे, सदस्य बीज निगम, जिला पंचायत सदस्य आकाश मिश्रा, जनपद अध्यक्ष पुसौर सुशील भोय, उपाध्यक्ष गोपी चौधरी, डीएफओ रायगढ़ सुश्री स्टाइलो मंडावी, सीईओ जिला पंचायत जितेन्दर यादव भी उपस्थित रहे।

**गेड़ी दौड़ से शुरू हुई प्रतियोगिता-** गेड़ी दौड, नारियल फेंक और पिट्ठुल जैसे खेलों से छत्तीगढिय़ा ओलंपिक की शुरुआत हुई। उच्च शिक्षा मंत्री उमेश पटेल, विधायक रायगढ़ प्रकाश नायक, जिला पंचायत अध्यक्ष निराकार पटेल सहित जनप्रतिनिधियों और उपस्थित जनों ने खेलों में हाथ आजमाया। इस मौके पर उच्च शिक्षा मंत्री उमेश पटेल ने कबड्डी प्रतियोगिता का भी शुभारंभ करवाया।

**दो श्रेणियों में 16 प्रकार के खेलों को किया गया है शामिल-** छत्तीसगढ़ के पारम्परिक खेल प्रतियोगिता दलीय व एकल दो श्रेणी में आयोजित होगी। छत्तीसगढिय़ा ओलम्पिक में दलीय श्रेणी में गिल्ली डंडा, पिट्टूल, संखली, लंगड़ी दौड़, कबड्डी, खो-खो, रस्साकसी और बांटी (कंचा) जैसी खेल विधाएं शामिल की गई हैं। वहीं एकल श्रेणी की खेल विधा में बिल्लस, फुगड़ी, गेड़ी दौड़, भंवरा, 100 मीटर दौड़, लम्बी कूद, रस्सी कूद एवं कुश्ती शामिल हैं।

**राजीव युवा मितान क्लब से हो रही शुरुआत-** छत्तीसगढिय़ा ओलम्पिक का आयोजन ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में सबसे पहले राजीव युवा मितान क्लब स्तर पर प्रतियोगिता 17 से 22 जुलाई तक नॉकआउट पद्धति से होगा। वहीं दूसरा स्तर जोन है, जिसमें 8 राजीव युवा मितान क्लब को मिलाकर एक क्लब होगा। इसका आयोजन 26 जुलाई से 31 जुलाई तक होगा। विकासखंड एवं नगरीय क्लस्टर स्तर पर आयोजन 7 अगस्त से 21 अगस्त तक होगा। जिला स्तर पर आयोजन 25 अगस्त से 04 सितंबर तक होगा। संभाग स्तर पर आयोजन 10 सितंबर से 20 सितंबर तक होगा और अंतिम में राज्य स्तर खेल प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। जिसका की आयोजन 25 सितंबर से 27 सितंबर तक होगा।

## घरघोड़ा पुलिस के हाथ आया लूट व डकैती मामले का स्थायी वारंटी

- पिछले 15 साल से पुलिस से लुक-छिप रहा था वारंटी



**रायगढ़।** विधानसभा चुनाव 2023 के मद्देनजर एसएसपी सदानंद कुमार द्वारा फरार आरोपियों/वारंटियों की धरपकड़ के निर्देश सभी थाना प्रभारियों को दिया गया है, निर्देशों पर थाना प्रभारी घरघोड़ा निरीक्षक शरद चंद्रा द्वारा अधिक से अधिक वारंटियों की धरपकड़ के लिये थाने स्टाफ की विशेष टीम वारंटी पतासाजी के लिए लगाया गया है जिनके द्वारा मुखबिर लगाकर स्थायी वारंटी टेकलाल लोहार पिता मिलाप लोहार निवासी बासनपाली थाना तमनार को पकड़ा गया है। वर्ष 2008 के लूटपाट तथा वर्ष 2009 में डकैती के मामले में आरोपी टेकलाल शामिल था। आरोपी पर वर्ष 2008 में जेएमएफसी रायगढ़ द्वारा बेमियादी वारंट जारी किया गया था। तब से आरोपी पुलिस से लुक छिप रहा था। घरघोड़ा पुलिस टीम ने वारंटी के रिस्तेदारों से लगातार उसकी जानकारी ले रहे थे और मुखबिरों को जानकारी साझा करने तैनात किया गया था जिससे कल वारंटी को उसके गांव में दबिश देकर पकड़ा गया है। वहीं घरघोड़ा पुलिस ने छेड़खानी मामले के एक और स्थायी वारंटी संजय निकुंज पिता धनसाय निकुंज उम्र लगभग 46 साल वार्ड क्रमांक 9 मधुबनपारा रायगढ हाल मुकाम बरभांठा थाना घरघोड़ा को गिरफ्तार किया गया है, दोनों वारंटियों को आज न्यायालय पेश किया गया है। एसडीओपी दीपक मिश्रा के मार्गदर्शन पर थाना प्रभारी शरद चंद्रा तथा आरक्षक सुमित उरांव और प्रहलाद भगत की वारंटी पतासाजी गिरफ्तारी में विशेष भूमिका रही है।

## शासकीय उचित मूल्य दुकान से चावल की बोरियां चुराने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

- आरोपियों में एक विधि के साथ संघर्षरत बालक भी

**रायगढ़।** पुलिस चौकी खरसिया द्वारा वार्ड क्रमांक 3 खरसिया के उचित मूल्य दुकान से 15-16 के दरमियानी रात चावल बोरी चोरी करने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है जिनमें से एक विधि के साथ संघर्षरत बालक है। चोरी को लेकर कल पुलिस चौकी खरसिया में रामकिशन आदित्य द्वारा आवेदन देकर शासकीय उचित मूल्य दुकान का ताला तोड़कर कोई अज्ञात चोर करीब 15 बोरी चावल चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराया गया था। चौकी प्रभारी खरसिया उपनिरीक्षक अमिताभ खांडेकर द्वारा अपने स्टाफ के साथ वार्ड क्रमांक 03 जाकर तस्दीक किये और आरोपियों के संबंध में स्थानीय मुखबीरों को सूचना देने लगाये। लगाये मुखबीरों द्वारा तलवापार वार्ड क्रमांक 3 में रखने वाले नरेश दास महंत, अजय सारथी को दुकान में चोरी करना बताया गया। तत्काल पुलिस टीम ने संदेहियों को हिरासत में लिया गया। आरोपियों द्वारा किशोर बालक के साथ मिलकर दुकान से 05 बोरी चावल की चोरी करना बताये। आरोपियों के मेमोरेंडम पर गवाहों के समक्ष 5 बोरी चावल की बरामदगी कर विधिवत जब्ती की गई है आरोपी (1) नरेश दास महंत पिता प्रेम दास महंत उम्र 28 साल निवासी तलवापार वार्ड क्रमांक 3 चौकी खरसिया जिला रायगढ़ (2) अजय सारथी पिता अग्निकुमार सारथी उम्र 40 साल निवासी तलवापार वार्ड क्रमांक 3 चौकी खरसिया जिला रायगढ़ (3) विधि के साथ संघर्षरत बालक को नकबजनी के अपराध में गिरफ्तार कर आज सक्षम न्यायालय रिमांड पर भेजा गया है। आरोपियों की पतासाजी गिरफ्तारी में चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक अमिताभ खंडेकर, सहायक उपनिरीक्षक पृथ्वी राज मोहंती, प्रधान आरक्षक शंकर सिंह क्षत्रिय, आरक्षक कीर्ति सिदार, मुकेश यादव और साविल चंद्रा की अहम भूमिका रही है।



## कृषि हितैषी योजनाओं ने लौटाया हरेली का उत्साह - मुख्यमंत्री

- कृषि हितैषी योजनाओं से किसानों में आई आर्थिक समृद्धि से बना उल्लास का वातावरण

**रायपुर (आरएनएस)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि हरेली त्योहार केवल गेड़ी चढऩे का त्योहार नहीं है। यह जीवन के उल्लास का त्योहार है। जीवन में उल्लास ऐसे ही नहीं आता। इसके लिए वातावरण बनाना होता है। हमारे प्रदेश में किसानों की आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं थी। पिछले पौने पांच सालों में हमारी सरकार ने कृषि हितैषी नीतियां बनाईं जिससे किसान के घर खुशियां लौटीं हैं। आज हरेली के त्योहार पर जो अपूर्व उल्लास किसानों के बीच छलक रहा है उससे बहुत खुशी हो रही है। हरेली तिहार के मौके पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल अपने निवास में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हमने किसान-मजदूर को लक्षित कर योजनाएं बनाईं। इससे कृषि का रकबा बढ़ा और अब तो प्रति एकड़ 20 क्विंटल धान खरीदने के निर्णय से यह उल्लास अपने चरम पर है। गोधन न्याय योजना के माध्यम से दूध उत्पादन बढ़ा है। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में आर्थिक स्थिति बेहतर होने से त्योहार का उल्लास अपने चरम पर है। उन्होंने प्रदेशवासियों को हरेली त्यौहार की शुभकामनाएं देते हुए अच्छी फसल और किसानों की समृद्धि की कामना की। मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि हरेली में किसान अपने कृषि उपकरणों की पूजा करते हैं और पशुधन को लोंदी खिलाया जाता है। इस तरह से हम अपने पशुधन को सहेजते हैं और उनके माध्यम से हमारी तरक्की का रास्ता खुलता है। उन्होंने कहा कि आज आदिवासी क्षेत्रों में भी खुशी का माहौल है। हमारे पूर्वजों द्वारा बरसों से तैयार की गई संस्कृति नष्ट हो रही थी। इसे सहेजने-संरक्षित करने का प्रयास हमने किया है और बहुत बढिय़ा काम हो रहा है। आदिवासी अंचल में आस्था केन्द्रों को संरक्षित करने का काम किया जा रहा है। नारायणपुर में घोटुल का संरक्षण किया गया है। बस्तर के आसना में बादल के माध्यम से आदिम संस्कृति को सहेजने की दिशा में हम आगे बढ़ रहे हैं। हमारे आदिवासी जीवन की परंपरा बहुत समृद्ध है। इन परंपराओं के बारे में हम सोचे तो चकित हो जाते हैं। यह ऐसी संस्कृति है जो अपने देवी-देवताओं के साथ रहती है। उनसे गहन लगाव रखती है। हमने इसे संरक्षित करने का काम किया है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में हमने स्वामी आत्मानंद स्कूल आरम्भ किये। इससे बड़ी संख्या में विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण अंग्रेजी शिक्षा मिल रही है। रामायण मण्डलियों के माध्यम से हम लोगों के जीवन में भगवान राम का आदर्श उतारने की कोशिश कर रहे हैं। रायगढ़ में आयोजित राष्ट्रीय रामायण महोत्सव को बहुत लोकप्रियता मिली। चंदखुरी, शिवरीनारायण और राजिम जैसे धार्मिक केन्द्रों के साथ ही राम वनगमन पथ को विकसित करने का कार्य किया है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि छत्तीसगढिय़ा संस्कृति को पुनस्र्थापित करने के लिए हम शुरू से ही कार्य कर रहे है। मजदूरों, किसानों का परंपरागत भोजन बारे-बासी अब फाइव स्टार होटल तक पहुंच गया है। अपनी संस्कृति को सम्मान और पहचान मिलने से गौरव महसूस कर रहे हैं और छत्तीसगढिय़ा सबले बढिय़ा वाक्य चरितार्थ हो रहा है। मुख्यमंत्री ने हरेली त्योहार के साथ प्रदेशवासियों के उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर संस्कृति मंत्री अमरजीत भगत, गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष महंत राम सुंदर दास, विधायक सत्यनारायण शर्मा, कुलदीप जुनेजा, रामपुकार सिंह, मुख्यमंत्री के सलाहकार प्रदीप शर्मा, खनिज विकास निगम के अध्यक्ष गिरिश देंवागन, राज्य महिला आयोग के अध्यक्ष डॉ किरणमयी नायक, शाकम्भरी बोर्ड के अध्यक्ष रामकुमार पटेल, छत्तीसगढ़ राज्य उद्योग विकास निगम के अध्यक्ष नंदकुमार साय, अल्प संख्यक आयोग के अध्यक्ष महेंद्र छाबड़ा, सिरपुर विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष सतीश जग्गी, तेलघानी बोर्ड के अध्यक्ष संदीप साहू, कृषि उत्पादन आयुक्त डॉ कमलप्रीत सिंह सहित कृषि, संस्कृति व पशुधन विकास विभाग के अधिकारी-कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित थे।

## ग्राम कुंजेमुरा में तमनार पुलिस की रेड में पकड़ाए 5 जुआरियों 6,900 रुपए जब्त



**रायगढ़।** रात्रि गस्त दौरान थाना प्रभारी तमनार निरीक्षक आर्शीवाद राहटगांवकर के नेतृत्व में तमनार पुलिस द्वारा ग्राम कुंजेमुरा में जुआ रेड कार्यवाही किया गया, पुलिस टीम की घेराबंदी दौरान अंधेरे का फायदा उठाकर कुछ जुआडियान मौके से भाग निकले मौके पर पुलिस ने जुआरी- 01. गौरी शंकर पिता स्व. उदय शंकर बैरागी उम्र 40 वर्ष सा. डोलेसरा, 02. दया सागर पिता नित्यानंद महापात्रे उम्र 34 वर्ष सा. डोलेसरा, 03. तुलसी दास पिता स्व. मेहत्तर दास महंत उम्र 42 वर्ष सा. डोलेसरा, 04. हेमन्त चौहान पिता स्व. प्रीतराम चौहान उम्र 44 वर्ष सा. पाता, 05. शत्रुघन चौहान पिता लच्छीराम चौहान उम्र 48 वर्ष सा0 डोलेसरा थाना तमनार जिला रायगढ़ को पकडे जिनके फड और पास से जुमला रकम 6,900 रूपये, 52 पत्ती तास पुलिस ने जब्त किया, आरोपियों के कृत्य पर थाना तमनार में छत्तीसगढ जुआ (प्रतिषेध) अधीनियम 2022 की धारा 3(2) के तहत कार्रवाई किया गया है। जुआ रेड कार्रवाई में सहायक उप निरीक्षक खेमराज पटेल, प्रधान आरक्षक पारसमणी बेहरा, अनुप कुजूर, उषारानी तिर्की, आरक्षक भीष्मदेव सागर, नंदु पैंकरा, भूपेश राठिया, अनूप मिंज शामिल थे।

# हरेली पर 17 जुलाई को 17 एकड़ में 1717 पेड़ लगाकर हुई वृहत वृक्षारोपण अभियान की शुरुआत

- केलो है तो कल है... हरेली तिहार से हरियाली प्रसार का आगाज
- कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा की पहल, 1 हजार एकड़ में 5 लाख पौधे लगाने का अभियान शुरू
- पर्यावरण को सहेजने की दिशा में जिला प्रशासन के साथ जनसमूह ने बढ़ाए कदम
- राजीव युवा मितान क्लब का सहयोग
- पौधों की सुरक्षा के साथ लोगों ने ली 'केलो है तो कल है, की शपथ



**रायगढ़।** हरेली तिहार के अवसर पर आज 17 जुलाई केलो नदी के समीप तमनार ब्लॉक के मौहापाली में 17 एकड़ में 1717 पेड़ लगाकर जिले में वृहत वृक्षारोपण अभियान का आगाज हुआ। विधायक लैलूंगा चक्रधर सिंह सिदार, कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार और सीईओ जिला पंचायत जितेन्दर यादव सहित जनप्रतिनिधियों और ग्रामीण जनों ने पौधे लगाकर वृक्षारोपण की शुरुआत की। इस मौके पर सभी ने पौधों को सुरक्षित रखने और केलो नदी के संरक्षण और संवर्धन की शपथ भी ली। कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा की पहल पर इस मानसून जिले में वृहत वृक्षारोपण कार्यक्रम शुरू किया जा रहा है। जिसमें विभिन्न विभागों के माध्यम से करीब 1 हजार एकड़ में 5 लाख से अधिक पौधे लगाने का लक्ष्य है। पौधों की सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए जा रहे हैं। जिससे पौधे अपनी जड़ें जमाएं और पेड़ बने। पौध रोपण में विभिन्न विभागों के सहयोग के साथ राजीव युवा मितान क्लब के सदस्यों की भी विशेष से सहभागिता रही।

हरेली तिहार पर आयोजित इस कार्यक्रम की शुरुआत नांगर और अन्य कृषि यंत्रों के पूजन के साथ हुआ। इस मौके पर विधायक चक्रधर सिंह सिदार ने कहा कि जिला प्रशासन की यह पहल अत्यंत सराहनीय है। खास बात यह है कि इसमें जनसहभागिता भी है। 17 एकड़ में फल उद्यान तैयार होगा। जिससे आगे चलकर स्थानीय महिला समूहों को आर्थिक लाभ भी होगा। कलेक्टर सिन्हा ने कहा कि हरेली का तिहार पूरे प्रदेश में प्रकृति के प्रति आभार जताने का त्योहार है। इस दिन किसान कृषि यंत्रों और पशुधन की पूजा-अर्चना करते हैं। चाहे सजीव हो या निर्जीव हो सभी के सहयोग के लिए धन्यवाद देते हैं। यह हमारी संस्कृति है। इसी क्रम में आज हरेली के दिन जिले में हरियाली प्रसार के लक्ष्य के साथ वृहत वृक्षारोपण अभियान की शुरुआत की जा रही है। यह हमारे पर्यावरण, नदियों जिनसे हम इतना कुछ मिलता है उनके संरक्षण के लिए हमारा एक प्रयास है। उन्होंने सभी उपस्थित जनों को इस अभियान में अधिक से अधिक सहभगिता प्रदान करने की बात कही। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार ने इस मौके पर कहा कि हर पेड़ से हमें कुछ न कुछ मिलता है। हमारे पर्यावरण को संतुलित रखने में पेड़ों की सबसे अहम भूमिका है। ऐसे में हमें जिम्मेदारी के साथ पेड़ लगाने और उसकी सुरक्षा के लिए कार्य करना चाहिए। सीईओ जिला पंचायत जितेन्दर यादव ने इस मौके पर जिला स्तरीय वृक्षारोपण के कार्यक्रम की रूपरेखा बताई। उन्होंने लोगों से अभियान में भागीदारी की बात कही।

**उद्यानिकी विभाग अगले 3 साल करेगा देखभाल-** मौहापाली के 17 एकड़ में हुए प्लांटेशन के देखरेख का जिम्मा उद्यानिकी विभाग को दिया गया है। यहां सुरक्षा के लिए चेनलिंग फेंसिंग लगाया गया है। पौधों की अगले तीन साल तक देखरेख के इंतजाम किए गए है। ताकि पौधे अपनी जड़ जमाएं और विकसित होकर पेड़ बने।

**रीपा की महिला उद्यमी ने बनाया 17 एकड़ में पौधों की सुरक्षा के लिए फेंसिंग-** कलेक्टर सिन्हा ने बताया कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के मंशानुरूप वृक्षारोपण को बढ़ावा दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि ग्रामीण संस्कृति और अर्थव्यवस्था को सहेजने विभिन्न योजनाएं संचालित हो रही हैं। उन्होंने बताया कि 17 एकड़ में पौधों की सुरक्षा के लिए लगे फेंसिंग का निर्माण रीपा तमनार में कार्य कर रही महिला उद्यमी ने किया है। शासन की योजनाएं स्थानीय स्तर पर लोगों को लाभ के अवसर प्रदान कर रही हैं।

**एक हजार एकड़ में 5 लाख से अधिक पौधों का होगा रोपण-** कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा के पहल पर जिले में करीब 1 हजार एकड़ में 5 लाख पौधे लगाने की तैयारी है। जिसमें जिले के अलग-अलग विकासखंडों में विभिन्न विभागों के सहयोग से पौधे रोपे जायेंगे। इसी प्रकार रायगढ़ और धरमजयगढ़ वनमण्डल, उद्यानिकी, रेशम विभाग द्वारा भी बड़ी संख्या में पौधा रोपण किए जा रहे हैं।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480